## एक नजर

### ट्रेनों के नहीं चलाने पर चक्का जाम की चेतावनी

**हुसैनाबाद।** रेल उपभोक्ता समिति ने लोकल ट्रेनों को नहीं चलाने पर 21 फरवरी से हैदरनगर स्टेशन पर अनिश्चितकालीन चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। समिति अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय व राजू खान ने इस संबध में सहायक स्टेशन प्रबंधक रोहित कुमार को ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि इन ट्रेनों को बंद करने से विशेषकर मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थियों की आवागमन में परेशानी बढ़ी है। इसके अलावे लगन का दौर शुरू होने से आम रेल यात्रियों को भी फिजूल पैसा और समय की बर्बादी हो रही है। उन्होंने बरकाकाना व बरवाडीह से वाराणासी और डेहरी ऑन सोन तक परिचालित सभी लोकल ट्रेनों को कम से कम जपला या नबीनगर स्टेशन तक फिलहाल परिचालन शुरू कराने की मांग की है।

### एटीएम केंद्र खुला

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर बाजार क्षेत्र से सटे बभंडी रोड में टाटा कंपनी के इंडी कैश एटीएम केन्द्र का उद्घाटन शिक्षक घनश्याम मेहता ने रविवार को किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय एसबीआई व पीएनबी के बाद टाटा कंपनी के सौजन्य से क्षेत्र में यह तीसरा एटीएम केन्द्र स्थापित किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को अन्य केन्द्रों की अपेक्षा भीड़ से बचने और समय की भी बचत होगी। इस मार्ग पर स्थापित एटीएम केन्द्र से खासकर इमामनगर बरेवा, संड़ेया, मोकहर कला, बिलासपुर, बरडंडा पंचायत क्षेत्र सहित स्थानीय लोगों को विशेष सुविधा मिल सकेगी। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी हरी यादव, डॉ. श्यामबिहारी मेहता सहित कई अन्य प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

### थाना प्रभारी को दी गयी विदाई



**मनातू।** स्थानीय थाना परिसर में एक समारोह का आयोजन कर स्थानांतरित थापा प्रभारी कमलेश कुमार को विदाई दी गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जहां श्री कुमार की कार्यप्रणाली की सराहना की। वहीं थाना प्रभारी ने नागरिकों की व्यवहार कुशलता को उत्तम बताया। मौके पर समाजसेवी सिना यादव,रविंद्र यादव , वीरू यादव, नौडीहा मुखिया बंधु भुइयां, जाहिद हुसैन, अफजल खान, मिथिलेश यादव, वीरू यादव, रोशन यादव, पच्चू भुइयां आदि मौजूद रहे।

### पेंशन शिविर का आयोजन 21 को

**पाटन।** पंचायत भवन किशुनपुर प्रांगण में राज्य सरकार की मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना हेतु 21 फरवरी दिन बुधवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से आयोजित शिविर में योग्य लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। यह जानकारी किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता ने दी है।

---

### एके सिंह कॉलेज जपला का केंद्र अनुमंडल स्तर पर करने की उठी आवाज

# परीक्षा केंद्र छतरपुर करने से छात्राओं व अभिभावकों की परेशानी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय से संबद्ध जपला स्थित एके सिंह कॉलेज का परीक्षा केंद्र इस बार जीसीपीए कॉलेज छतरपुर में कर दिये जाने से छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गयी है। इससे खासकर छात्राओं की समस्या सबसे जटिल बन गयी है। परीक्षा 28 फरवरी से 15 मार्च तक आयोजित है। उक्त परीक्षा के दिनों तक छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी समय निकालने की विवशता उत्पन्न हो गयी है। कॉलेज की वर्ष 2022-26 सेमेस्टर टू की परीक्षार्थी सौम्या रानी ने कहा कि अकेले परीक्षा देने व शाम को लौटने में काफी परेशानी होगी। जबकि अनुमंडल क्षेत्र में केंद्र रहने से परेशानी नहीं होती है। श्रुति कुमारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से छतरपुर जाने में परेशानी होगी, अगर यह पहले पता होता तो कॉलेज में दाखिला नहीं लेती। नजदीक के कारण पढ़ाई करने के लिए नामांकन ली थी, अन्यथा मेदिनीनगर स्थित कालेज में ही नामांकन कराती। सत्र 2021-24 सेमेस्टर चतुर्थ की छात्रा दिव्या कुमारी ने बताया कि केंद्र दूर हो जाने के कारण परीक्षा में समय पर पहुंचने के लिये साधन की भी जरूरत पड़ेगी। उनके घर कोई साधन नहीं है। ऐसे में 35 किमी. दूर जाने में परेशानी है। उधर अभिभावकों का कहना है जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के तकरीबन सभी कॉलेजों का परीक्षा सेंटर शहर के ही किसी कॉलेज में दिया गया है। उसी तरह एके सिंह कॉलेज का सेंटर भी यहां जपला एसबीएस कॉलेज करने से परीक्षार्थियों व अभिभावकों को सुविधा होगी।





> कालेज में विद्यार्थियों की संख्या तीन हजार से अधिक है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर परीक्षा केंद्र का निर्धारण संभव नहीं था। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के उद्देश्य से केंद्र का निर्धारण किया गया है। इसके लिये कालेज प्रबंधन स्तर पर परीक्षा के दिनों में परीक्षार्थियों के लिये परिवहन की व्यवस्था की जा सकती है।
>
> **एमके दीपक, परीक्षा नियंत्रक, एनपीयू।**

**वर्जन**

इस संबंध में कालेज शासी निकाय के अध्यक्ष सह पलामू के सांसद वीडी राम को पत्र लिखकर परीक्षार्थियों की समस्या से अवगत कराया गया है। शीघ्र ही कुलपति से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी जायेगी।

**डा. सूर्यमणि सिंह, प्रभारी प्राचार्य, एके सिंह कालेज जपला**

---

### एमकेडीएवी में कक्षा तीन के छात्र का बेजोड़ प्रदर्शन

# नेताजी का रूप धारण कर अमन ने मोहा मन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** मेदिनीनगर स्थित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा तीन के छात्र अमन गोस्वामी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। न सिर्फ वेश बल्कि भाव-भंगिमा से भी महान स्वतंत्रता सेनानी का अनुकरण कर अमन ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ जीएन खान को विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में अमन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उसका उत्साहवर्द्धन किया। प्रधानाध्यापक डा. खान ने कहा कि ऐसे आयोजन से न सिर्फ नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है, बल्कि उन्हें महान नेताओं जैसा बनकर देशसेवा की सीख भी मिलती है। उन्होंने छात्र को भविष्य में और बेहतर करने के लिये प्रेरित भी किया। अमन ने कहा कि उसे नेताजी का व्यक्तित्व काफी प्रभावित करता है। बड़ा होकर वह भी उनकी तरह देश का सिर पूरे विश्व में ऊंचा करेगा।

---

### केतात में बैठक कर यज्ञ कमेटी गठित, महेंद्र कुमार चौबे अध्यक्ष व शशिनाथ चौबे बने सचिव

# नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर चर्चा

**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 10 अप्रैल को मंदिर परिसर से निकलेगी शोभा यात्रा, 15 को होगी प्राण प्रतिष्ठा**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के केतात गांव में नवनिर्मित श्रीराम मन्दिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक दुर्गा मंडप में हुई। बैठक की अध्यक्षता रामाकांत चौबे ने की। बैठक में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बारे में चर्चा हुई। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ के सफल आयोजन और संचालन हेतु एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से महेंद्र कुमार चौबे को अध्यक्ष व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश परिमल को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सेवानिवृत्त डीएसओ सह मंदिर निर्माण के प्रणेता शशिनाथ चौबे को सचिव और रमेश कुमार चौबे को सहसचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई। जबकि प्रवीर चौबे को कोषाध्यक्ष तथा दिलीप चौबे,अभिषेक चौबे व राजेश चौबे सह कोषाध्यक्ष बनाये गये। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर में मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर 10 अप्रैल को जलयात्रा निकाली जायेगी। जबकि 11 अप्रैल से प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ का शुभारंभ होगा। वहीं 15 अप्रैल को नगर भ्रमण के बाद मंदिर के गर्भ गृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम दरबार की मूर्ति स्थापित की जायेगी। बैठक में शांतनु चौबे,सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे,राजेश चौबे,मार्कण्डेय चौबे,विनय कुमार चौबे,आनंद चौबे,संजय चौबे,मनीष चौबे,प्रो केके चौबे,अनूप चौबे,तेजबली चौबे मौजूद थे।

---

# प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलश शोभायात्रा

**नवनिर्मित देवी मंदिर में मां भगवती की हो रही स्थापना**




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के भांवर गांव के पारपहाड़ टोला में रविवार को नवनिर्मित देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र मेहता, मुखिया प्रतिनिधि रवि रंजन वर्मा, राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, छात्र प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव, कमेटी के अध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, सचिव रमेश यादव, कोषाध्यक्ष रविंद्र यादव आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र मे शांति और समृद्धि आती है। कलश शोभा यात्रा देवी मंदिर से निकल कर विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए तरवन गांव के समीप बटाने नदी तट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरने के बाद पुनः देवी मंदिर प्रांगण पहुंचकर विधि-विधान पूर्वक कलश स्थापित किया गया। नीरज मिश्रा, संजीव मिश्रा, ललन यादव ,अमरदेव यादव, मंटू यादव, राजकिशोर यादव, सुरेश यादव, महानंद यादव, मनोज यादव, जितेंद्र प्रजापति शामिल थे।

### फांसी लगाकर नाबालिग ने की आत्महत्या

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के सतगांवा मोहल्ले में 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव उसके कमरे में फंदे से झूलता देख परिजनों को काठ मार गया। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। युवक की पहचान अनवर हुसैन के पुत्र साकिर अंसारी के रूप में हुयी है। परिजनों के अनुसार शनिवार की रात अन्य दिनों की तरह खाना खाने के बाद साकिर अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह आठ बजे तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसे उठाने के लिए उसके कमरे का दरवाजा खुलवाने लगे। काफी आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो वेंटिलेटर से अंदर देखने पर किशोर फंदे पर लटकता पाया गया। परिजनों के अनुसार साकिर पढ़ाई छोड़ चुका था और घर पर ही रहा करता था। घटना के बाद से साकिर की मां सहित अन्य लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

---

# प्रसव पीड़िता के लिए युवक ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ईश्वर जिसकी मदद करना चाहे, उनके पास किसी न किसी माध्यम से अपनी मदद पंहुचा देता है। शनिवार देर रात हैदरनगर में प्रसव के दौरान एक महिला को बी पॉजिटिव ग्रुप ब्लड की अति आवश्यकता थी। ब्लड बैंक में उक्त ग्रुप का रक्त न होने के कारण काफी परेशानी हो रही थी। ऐसे में सामाजिक संगठन हैदरनगर पूर्वी पंचायत के सदस्यों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सूचाना वायरल किया। जिसे देखकर हैदरनगर कोइरियाडीह के राजेश कुमार मेहता ने तत्काल अस्पताल में पहुंचकर रक्तदान किया। उसके बाद विंध्यवासिनी हॉस्पिटल हैदरनगर के सर्जन डॉ. श्रीकांत कुमार, डॉ. प्रमिला दत्ता, डॉ. एसडी वर्मा ने प्रसव से पीड़ित महिला का ऑपरेशन कर उसकी जान बचायी। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। रक्तदाता राजेश की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

### एक वर्ष पूर्व स्थापित ट्रांसफार्मर से आपूर्ति नहीं

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत के इस्लामगंज टोला में एक वर्ष पूर्व स्थापित ट्रांसफार्मर से ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। ग्रामीणों की शिकायत है कि इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारी से आग्रह किए जाने के बाद भी नए ट्रांसफार्मर आपूर्ति शुरू नहीं की गई। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष गुप्तेश्वर पाण्डेय ने इस संबध में ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर बिजली आपूर्ति कंपनी के अधिकारियों की शिकायत की है। उन्होंने बिजली कनेक्शन देने के नाम पर गरीबों व दिव्यांग ग्रामीणों से भी अतिरिक्त पैसे मांगे जाने की शिकायत की है। गुप्तेश्वर पाण्डेय ने बिजली आपूर्ति कंपनी के कर्मियों के खिलाफ कई अन्य गंभीर शिकायत भी ऊर्जा मंत्री से की है।

## महाशिवरात्रि पूजा बड़े ही धूमधाम से मनाने को लेकर किया गया बैठक



**नवीन मेंल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के प्रसिद्ध शिव पहाड़ी मंदिर में महा शिवरात्रि पूजा मनाने को लेकर रविवार को पांकी के हाई स्कूल परिसर में बैठक किया गया। इस बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा शिवरात्रि पूजा बड़े ही धूम - धाम से मनाया जायेगा। पूजा समिति के लोगों ने तमाम लोगों से तन मन धन से पूजा में भाग लेने को कहा है। बैठक में पूजा समिति गठित किया गया, जिसमे अध्यक्ष प्रेमचंद सिंह, कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, सचिव अजय सिंह, उपाध्यक्ष निरंजन सिंह, उप सचिव अनिल सिंह बनाए गए। संरक्षक के रूप में चुनमुन पांडे, सुनिल सिंह,अनुज सिंह, कपिल देव सिंह, किशोर गुप्ता को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सुभाष सिंह, मिठू गुप्ता, देवनारायण सिंह, शंभू सिंह, मधु सिंह, जसवंत सिंह, पंकज कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# विपक्षी फैला रहे भ्रम एकजुट है भाजपा



**विधायक के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत घुटुवा पंचायत के एकता राज्यकृत विद्यालय के प्रांगण में पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता के समर्थन में रविवार को बनौधी यादव की अध्यक्षता में बैठक की गयी। संचालन तुलेश्वर सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि राजद का यहां कोई जनाधार नहीं है। कुछ लोग गलत बयानबाजी कर भ्रम फैला रहे हैं। भाजपा के तमाम कार्यकर्ता विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के साथ में हैं। डॉ. मेहता की लोकप्रियता से विपक्षी पूरी तरह घबरा गये हैं। भाजपा छोड़ कर एक भी कार्यकर्ता राजद में नहीं गया है। कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये जुटे हुए हैं। मौके पर अशोक यादव, संदीप यादव, अशर्फी यादव, महेंद्र यादव, विरेंद्र सिंह, सुमित कुमार सिंह मौजूद थे।

---

# ताला तोड़ आभूषण व नगदी ले उड़े चोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के कटैया गांव में चोरों ने बंद मकान का दरवाजा तोड़कर नगदी सहित गहनों की चोरी की है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गयी है। कटैया गांव निवासी सह कुलेश्वर राम लातेहार जिला अंतर्गत बालूमाथ प्रखंड में शिक्षक हैं। शनिवार को दो माह बाद वे कटैया गांव के अपने घर पहुंचे तो घर का नजारा देखकर वे सन्न रह गए। घर का ताला टूटा हुआ था। साथ ही आलमारी, दो ट्रंक, एक ब्रीफकेस व चार बक्से को भी तोड़ा गया था। कुलेश्वर राम द्वारा इसकी सूचना हरिहरगंज पुलिस को दी गई है। उन्होंने बताया कि पांच हजार रुपये नगद सहित जेवरातों की चोरी हुई है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

---

## समारोह

### धूमधाम से मना संत जोसेफ कॉन्वेन्ट स्कूल का वार्षिकोत्सव

# अनुशासन के साथ संस्कारपूर्ण शिक्षा देना बेहद जरूरी

**बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया मंत्रमुग्ध**






**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की विश्रामपुर शाखा का आठवां वार्षिकोत्सव रविवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नरेंद्र कुमार तिवारी व संचालन प्राचार्य आरके सिंह ने किया। अपने संबोधन में भाजपा नेता श्री पांडेय ने कहा कि स्कूल में बच्चों को अनुशासन के साथ संस्कारपूर्ण शिक्षा देना बेहद जरूरी है। ताकि बच्चे आगे जाकर देश के अच्छे नागरिक बन सकें। ग्रासिम के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि स्कूल बच्चों का दूसरा घर होता है। अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार स्कूल में ही संभव हैं। अपार समाहर्ता कुंदन कुमार ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि संत जोसेफ संस्थान कम शुल्क में बेहतर शिक्षा दे रही है। समारोह में स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय,सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रविंद्र नाथ उपाध्याय, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक अनिल कुमार सिंह,भोला राय,निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी,धनंजय तिवारी मौजूद थे।

### एजुकेशन टू सोसायटी पुस्तक का लोकार्पण



**विश्रामपुर।** रविवार को आयोजित एक सादे समारोह में शिक्षाविद् एनके तिवारी द्वारा लिखी गई पुस्तक एजुकेशन टू सोसायटी का लोकार्पण किया गया। पुस्तक का लोकार्पण अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी,भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,लेखक एनके तिवारी,समाजसेवी विजय पांडेय व संजय पांडेय ने सामूहिक रूप से किया। अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति की सफलता काफी हद तक उनकी शिक्षा के स्तर व स्कूल में सीखी गई बातों को व्यवहारिक रूप से लागू करने की क्षमता पर निर्भर करता है। अन्य वक्ताओं ने भी पुस्तक की सराहना की। लेखक श्री तिवारी ने बताया कि अभी पुस्तक सिर्फ अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है। जल्द ही इसका हिंदी संस्करण भी प्रकाशित किया जायेगा।

---

### सवारी ट्रेनों का परिचालन शुरू नहीं होने पर चक्का जाम



**हुसैनाबाद।** सीआईसी रेल खंड पर पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन अविलंब शुरू करने की मांग की गयी है। इस संबंध में रेल उपभोक्ता समिति के जिला प्रवक्ता सह समाजसेवी मनोज शर्मा ने पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें कहा गया है कि उक्त रेल खण्ड के सोननगर व अंकोरहा में नन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण सभी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। जबकि मालवाहक ट्रेनों का परिचालन निरंतर जारी है। इस समय मैट्रिक व इंटर की परीक्षाएं चल रही है। पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर जाने में काफी परेशानी हो रही है। खासकर स्वास्थ्य सेवा को लेकर आम अवाम काफी परेशान है। ऐसे में ट्रेनों का जपला या नबीनगर तक तत्काल परिचालन शुरू किया जाये, अन्यथा की स्थिति में चक्का जाम किया जायेगा।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

उच्च शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र अथवा समाज की प्रगति का पैमाना है। उच्च शिक्षा का स्तर उत्कृष्ट हो। इसके लिए आवश्यक है कि हमारी परीक्षा पद्धति पूरी तरह पारदर्शी हो।

**डॉ. एमके दीपक, परीक्षा नियंत्रक एनपीयू।**

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने विभिन्न जिलों के उपायुक्त एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर ग्रेड- सात की प्रोन्नति गलत तरीके से किये जाने का आरोप लगाते हुय इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि एक तरफ नई प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप पर सभी से आपत्ति मांगी गई थी। उसका निराकरण करते हुए नई प्रोन्नति नियमावली बनायी जानी है। वहीं दूसरी तरफ उक्त नियमावली के कुछ प्रावधानों के प्रत्याशा में ही सीधी नियुक्ति से नियुक्त शिक्षकों को वरीयता सूची से बाहर करते हुए प्रोन्नति देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यह उचित नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने बताया कि वर्तमान में विभिन्न जिलों द्वारा विसंगति एवं भेदभाव पूर्ण तरीके से प्रोन्नति हेतु प्रकाशित वरीयता सूची के विरूद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में तीन रीट याचिका दायर है। ऐसे में न्यायालय का निर्णय आये बिना आनन-फानन में प्रोन्नति देना पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। संघ द्वारा चार सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर व्यापक विरोध किया गया।

# आदिवासियों के लिये नेत्र जांच शिविर



**पीटीआर व सेसा ने किया संयुक्त आयोजन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व और गैर सरकारी संगठन सेसा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पीटीआर अंतर्गत आने वाले शेरनदाग गांव में आदिवासी आंख जांच कैंप लगाया गया। कैंप में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 150 से अधिक आदिवासी समुदाय के महिला व पुरुषों के नेत्रों की जांच की गयी। सेसा के वरीय पदाधिकारी जसवीर बग्गा ने बताया कि सभी के नेत्रों की जांच कर आवश्यक सुझाव दिया गया। जिन लोगों को पढ़ने में दिक्कत आ रही थी। उन्हें तत्काल निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। अन्य लोगों को भी जल्द ही चश्मा प्रदान किया जायेगा। पीटीआर उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि वनरक्षक, ट्रैकर और अन्य कर्मियों द्वारा शिविर के आयोजन में सक्रिय सहयोग किया गया।

## तस्वीर झूठ ना बोले



किस पर श्रृंगार करें, पिया मोरा आनहर। जब शीर्ष नियंता सीएम की उल्टी तस्वीर के साथ होडिंग लगा दें तो और किसी का क्या कहना। रेडमा चौराहे पर लगा होडिंग स्पष्ट तैयार। सच्चाई बयां कर रहा है। (छाया-भोला)

## एक नजर

### जरूरतमंदों की मदद पुनीत कार्य

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा जरूरतमंदों की मदद का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस दिशा में संस्था द्वारा डा. अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच भोजन वितरित किया गया। इस दौरान जरूरतमंद राहगीरों और रिक्शाचालकों को भी भोजन उपलब्ध कराया गया। मौके पर बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेंद्र कुमार, ऋषि कुमार आदि मौजूद रहे।

### पंचायत स्वयं सेवकों ने बीडीओ से की मुलाकात

**नावा बाजार।** नावा बाजार पंचायत स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष पंकज चंद्रवंशी के प्रतिनिधित्व में शिष्टमंडल ने बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी से मुलाकात कर लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण कराने का आग्रह किया। जिससे नया लक्ष्य निर्धारित किया जा सके। इससे पूर्व सभी ने बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। मौके पर सचिव मनीष सिंह, कोषाध्यक्ष संजय पासवान, धर्मेंद्र पासवान, अरविंद कुमार, कामेश्वर पांडे, गोपाल सिंह, संगीता देवी, आशा देवी आदि मौजूद रहीं।

### श्रीराम जानकी मंदिर में करायी गयी बोरिंग

**मेदिनीनगर।** शहर के श्रीराम जानकी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रविवार को बोरिंग करायी गयी। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी द्वारा नारियल तोड़कर पूजा-अर्चना के बाद बोरिंग का शुभारम्भ किया गया। मन्दिर के अध्यक्ष छोटेलाल सिंह, मुनेश्वर गुरु, विनय गुरु, सरंक्षक अजय तिवारी अकेला, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, उप कोषाध्यक्ष शिव शंकर सिंह, न्यास के महामंत्री सत्यनारायण कुमार, शिक्षक संगठन मंत्री अरुण ठाकुर आदि मौजूद रहे। कार्य में दिनेश गुप्ता ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### राज्यसभा सांसद से की मुलाकात

**मेदिनीनगर।** जदयू जिला अध्यक्ष मनोज दुबे ने प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रेनू गोपीनाथ से मुलाकात कर उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान पलामू से जदयू उम्मीदवार उतारने पर भी चर्चा की गयी।

## लायंस क्लब का जागरूकता अभियान, लोगों ने किया स्वागत

# मधुमेह के खिलाफ किया जागरूक





**राष्ट्रगान की धुन के साथ सभी हाथों में जागरूकता बैनर लिए शहीद चौक, छहमुहान, थाना रोड़, शहीद भगत सिंह चौक, साहित्य समाज चौक, निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल होते हुए पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंच**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मधुमेह के खिलाफ लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर द्वारा पैदल मार्च कर नागरिकों को जागरूक किया गया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय से पुलिस लाइन स्टेडियम तक निकले अभियान का नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर से गणमान्य लोगों, समाजसेवियों और आम नागरिकों के अलावा भारी संख्या में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया। नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन, ट्रेनी आईएएस रवि आनंद और सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर वाकाथन की शुरूआत की। राष्ट्रगान की धुन के साथ सभी हाथों में जागरूकता बैनर लिए शहीद चौक, छहमुहान, थाना रोड़, शहीद भगत सिंह चौक, साहित्य समाज चौक, निर्मला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल होते हुए पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचे। वाकाथन का मुख्य आकर्षण बच्चों का स्केटिंग ग्रुप रहा। लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के नेतृत्व में इस वाकाथन का थीम मधुमेह के खिलाफ जागरूकता पैदा करना रखा गया था। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि आजकल डायबिटीज उम्र से जुड़ी बीमारी नहीं रह गई है। बदलती दिनचर्या ने इस बीमारी को एक गंभीर रूप दे दिया है। ऐसे में बीमारी के प्रति सभी को जागरूक रहना होगा। कार्यक्रम का संचालन निलेश चंद्र ने किया। इस कार्यक्रम का संयोजन राम नरेश सोनी, डॉक्टर गौरव विशाल, डॉ. अभय कुमार, लायन अनूप कुमार, मनोज कुमार सोनी आदि ने किया। मौके पर इंद्रजीत सिंह,पीयूष तुलस्यान, फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन से चित्तेश मिश्रा,डॉ. उदय कुमार सिंह,डॉ. निशांत कुमार,डॉ. रवीश कुमार ,एडवोकेट लिली मिश्रा, अनुराधा मिश्रा,पुष्पा चंद्र , रंजन अग्रवाल, सचिव अमुख प्रियदर्शी ,राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# एमएमसीएच में बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य



**सरकार के निर्देश पर आयुक्त कर रहे निगरानी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में बायोमेट्रिक से प्रतिदिन हाजिरी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। झारखंड सरकार के द्वारा निर्गत आदेश के तहत उपायुक्त शशि रंजन लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं। कर्मचारियों को हाजिरी लगाने के लिये एमएमसीएच में दो बायोमेट्रिक मशीन स्थापित किये गये हैं। एक मशीन राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग का है एवं दूसरी बायोमेट्रिक मशीन झारखंड सरकार ने उपलब्ध करायी है। बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगाने वालों के साथ सख्ती भी बरती जा रही है। बताया जाता है कि जनवरी महीने में बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं बनाने वाले कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी कर्मियों को बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाना अनिवार्य है।

### कर्मियों की अलग है परेशानी

इस संबंध में कालेज में बड़ा बाबू पद पर कार्यरत विजय कुमार सहित अन्य कर्मियों ने बताया कि सेरेटाइजर से हाथ धोये बिना बायोमेट्रिक मशीन अटेंडेंस नहीं लेती है। उस पर 10 में से चार अंगुलियों को तो कभी ट्रेस ही नहीं करती। इससे समय पर आने के बाद भी हाजिरी लगाने में विलंब होता है। उन्होंने शासन ने मशीन में सुधार कराये जाने का अनुरोध किया है।

## भाकपा की बैठक में बिचौलियों की मनमानी पर चर्चा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार अंचल की जीबी की बैठक अमवाडीह में कामरेड राजेंद्र बैठा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह व जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने सहभागिता की। बैठक में ग्राम हरैया, अमवाडीह, रबदा , नामुदाग,हरवे के ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम हुलसीकला में खाता नंबर एक, पांच के प्लाट नम्बर 19,30,26,22 7,8 रकबा 50 एकड़ गैर मजरूआ भूमि पर ग्रामीण पचासों वर्षो से जोत-कोड़ करते आ रहे हैं।

## श्रीसीताराम विवाहोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु

# जनकपुरी में बह रही है भक्ति की बयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मानस के प्रसंग के अनुसार रविवार को हर्षोल्लास पूर्वक श्री सीता राम विवाहोत्सव मनाया गया। पाठ कर्ता व्यास पंडित ज्ञानेश पांडेय, पंडित प्रभु नारायण पाठक एवं पंडित उमाशंकर तिवारी ने विवाह से जुड़े मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान मिथिला नगरिया निहाल सखिया ,चारो दूल्हा में बढ़का कमाल सखियां, अइले सुनैना के अंगनवा पहुनवा राघव, अवध नगरिया से चलले बरतिया हो सुहावन लागे, जनक नगरिया भईले शोर सहित विवाह के कई मंगल गीत प्रस्तुत किया गया। श्री सीताराम विवाहोत्सव में शामिल श्रद्धालु महिला पुरुष मंगल गीत श्रवण कर भाव विभोर होकर झूम रहे थे। सुबह में यजमान बृजलाल तिवारी एवं उनकी धर्म पत्नी ने श्रीराम दरबार में श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया। यज्ञाचार्य पंडित उमेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अनुष्ठान कराया। इधर पाठ कर्ता व्यास पंडित ज्ञानेश पांडेय के नेतृत्व में मानस पाठ हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना एवं परिक्रमा किया। मौके पर आयोजन समिति के श्यामलाल तिवारी, लव तिवारी, सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

### महान है सनातन धर्म व संस्कृति

मेदिनीनगर सुदना स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को भागवताचार्य अलका किशोरी ने कहा कि सनातन धर्म व संस्कृति विश्व में महान है। सनातन धर्म व संस्कृति पर विदेशियों का लगातार हमला हो रहा है। देश के युवाओं को चाहिए कि सनातन धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आयें। इसी संस्कृति के बल पर भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने ध्रुव चरित्र, परीक्षित जन्म, अजामिल कथा, गजेंद्र मोक्ष, सती अनसुइया की कथा बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक शरीर में स्वास है तब तक भजन करते रहना चाहिए। वृंदावन से आये कलाकारों ने झांकी प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया।

## जिलाध्यक्ष ने स्थानीय कार्यालय में ग्रहण करायी सदस्यता

# आदिवासी महिलाओं ने थामा झामुमो का हाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो के स्थानीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में शीला कुजूर के नेतृत्व में दर्जनों आदिवासी महिलाओं ने झामुमो का हाथ थामा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने की। कार्यक्रम में झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन के खिलाफ षडयंत्र करने से आहत हैं। सबों ने एक स्वर में कहा कि हम सभी लोग अपने नेता के साथ हैं। महिलाओं का स्वागत करते हुए अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन ही झारखंड के असली नेता हैं। भाजपा के घडयंत्रकारी कृत्य से झामुमो और मजबूत हुई है। कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्दिकी, नगर उपाध्यक्ष विशाल सिन्हा मौजूद रहे। पार्टी में शामिल होने वालों में शीला कुजूर, जुलती भेंगरा, अनिता तिर्की, सुशीला टोप्पो, शांति टोप्पो, रीता सुरीन, सुमित्रा एक्का, आनंदित केरकेटा, प्रीति मेरी, महिमा पन्ना, फुलमनी मुंडा, मेघा लकड़ा, प्रभा मिंज, रानी बोदरा, चंद्रमणि, एस्थर मिंज, हेमलता केरकेट्टा, उर्मिला कुजूर आदि प्रमुख हैं।

### जातीय जनगणना का स्वागत



जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रदेश में जातीय जनगणना कराने संबंधी निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे समाज का मौलिक स्वरूप सामने आयेगा। जिससे सरकार को नीतियां निर्धारित करने में मदद मिलेगी। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की नीतियों से महिलाओं का शत-प्रतिशत झुकाव जेएमएम की तरफ हुआ है।

## ओबीसी महासम्मेलन की सफलता पर सम्मान समारोह

मेदिनीनगर स्थानीय हाउसिंग कालोनी मैदान पर गत दिवस ओबीसी पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार मंच द्वारा आयोजित प्रमंडलीय महासम्मेलन की सफलता में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले पदाधिकारियों को रविवार को एक समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता ब्रह्मदेव प्रसाद व संचालन विनोद जी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि महासम्मेलन की सफलता से साबित हो गया है कि ओबीसी समाज अब जागृत हो चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं : स्वामी धीरेंद्राचार्य

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 48 वें अधिवेशन के दूसरे दिन धाम से पधारे हनुमत पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी धीरेन्द्राचार्य ने भगवान शिव एवं पार्वती प्रसंग की चर्चा बड़े ही मार्मिक ढंग से किया। उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या किया था। माता पार्वती भक्ति स्वरूपा हैं,वह नौ रूपों में प्रकट हुई। माता पार्वती श्रद्धा और भगवान शिव विश्वास के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति ही जीवन का सारतत्व है। श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान की भक्ति करने से जीवन का कल्याण होता है। निस्वार्थ एवं निष्काम भाव से भगवान की भक्ति करने वाला ही मोक्ष का अधिकारी होता है। जो प्रभु श्रीराम के नाम का सहारा लेकर कर्म पथ पर आगे बढ़ता है,उसका जीवन चरित्र श्रेष्ठ हो जाता है।उन्होंने श्रीरामचरित मानस के आधार पर भगवान शिव एवं माता सती के चरित्र का चित्रण करते हुए समाज को अनुपम संदेश दिया। इससे पहले मानस प्रवक्ता ओम प्रकाश दुबे ने सदग्रंथ श्रीरामचरित मानस के आधार पर कई प्रसंगो की चर्चा की । महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका स्वागत किया। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी , मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष लव तिवारी , धर्मराज तिवारी ,वशिष्ठ नारायनाचार्य, जगन्नथ तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, लीलाधर तिवारी, यमुना तिवारी, अजीत तिवारी, प्रेमचंद तिवारी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तजन मौजूद थे।

### चतुर्थवर्गीय खाली पदों पर नहीं हो रही नियुक्ति

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा सदस्यों की बैठक रविवार को कचहरी परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई। बैठक में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि जिले मे 255 लोगों की नियुक्ति की गई और अभी भी सैकड़ों पद खाली है। नियुक्ति की आस में बेरोजगारों की उम्र सीमा समाप्ति की कगार पर है।

## अव्यवस्था

## जिले के सभी थानों के वाहनों की स्थिति दयनीय, हो रही परेशानी

# लोगों की सुरक्षा संभालने वाले जर्जर वाहनों में लगा रहे गश्त



**वाहन खराब रहने के कारण सही तरीके से गश्ती नहीं हो पा रही है। इसलिए अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के सभी थानों के वाहनों की स्थिति जर्जर हो जाने से दूसरों की सुरक्षा की कमान संभालने वालों को ही गश्त में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी अनुशासन से बंधे होने के कारण पुलिस अधिकारी अथवा कर्मी इस संबंध में कहीं शिकायत भी नहीं कर सकते। थानों के वाहनों की स्थिति देखा जाये तो पुलिस को तमाम संसाधनों से लैस कराने संबंधी सरकारी दावे की पोल स्वतः ही खुल जाती है। आलम यह है कि जिले के आधा दर्जन से अधिक थाने ऐसे हैं जहां वाहन खराब रहने के कारण सही तरीके से गश्ती नहीं हो पा रही है। इसलिए अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है। अपराध प्रभावित सीमावर्ती थानों की पुलिस खटारा वाहन में ही गश्ती करती नजर आ रही है। खासकर गर्मी तथा बारिश के दिनों में वाहन दुरुस्त नहीं रहने के कारण दिन तथा रात्रि गश्ती में लगे पुलिस पदाधिकारी तथा जवान जान जोखिम में डाल कर ऐसे वाहनों से दुरूह इलाके में गश्त लगाने को विवश हैं। वहीं कई थानों में गश्त के दौरान पुलिस को अतिरिक्त वाहन साथ में लेकर जाना पड़ता है। ताकि यदि मुख्य वाहन खराब हो जाये तो अन्य वाहन से वे वापस लौट पायें। लोगों ने शासन के आलाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### वर्जन...

थानों के वाहनों की स्थिति को गंभीरता से लिया जा रहा है। वाहनों की बदलवाने की दिशा में कवायद की जा रही है। जल्द ही इस संबंध में सकारात्मक देखने को मिलेगा।

**राजकुमार लकड़ा, आईजी पलामू।**


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### दो सबमर्सिबल पंपों की चोरी

**मेराल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हासनदाग गांव में शनिवार की रात्रि आशुतोष कुमार उर्फ खुटखुट चौबे का सबमर्सिबल पंप अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। इस संबंध में आशुतोष कुमार चौबे ने बताया कि घर से 200 मीटर की दूरी पर बोरिंग में सबमर्सिबल पंप से वे खेतों की सिंचाई करते थे। रविवार सुबह जब खेत पर गये तो पाया कि पाइप काट कर बाहर फेंका हुआ है और सबमर्सिबल पंप नदारद है। थाना क्षेत्र में सबमर्सिबल पंप चोरी की बढ़ती घटनाओं से किसानों के साथ आम नागरिकों की भी नींद उड़ गयी है। लोगों में चोरी की घटनाओं से आक्रोश है। ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी जताई है।

### भाकपा माले का धरना-प्रदर्शन आज से

**केतार।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार से भाकपा माले के द्वारा अफसरशाही, दलाल और भ्रष्टाचार सहित भू- माफियाओं के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी जानकारी माले के प्रखंड अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने दी है।

### टेंपो-कार की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**गढ़वा।** शाहपुर मार्ग पर हूर मोड़ के पास टेंपो व कार की टक्कर में टेंपो पर सवार चालक सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों में डंडा थाना क्षेत्र के भिखही गांव निवासी अमरीका चौधरी की पत्नी फुलमतिया देवी, गरौहता गांव निवासी नंदू चौधरी की पत्नी सुरजी देवी, मेराल थाना क्षेत्र के औरैया गांव निवासी स्वर्गीय विजेंद्र चौधरी की पत्नी शांति देवी, उनका पुत्र टेंपो चालक अनिल चौधरी, बिगन चौधरी का पुत्र उमेश चौधरी एवं पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुआ गांव निवासी कमलेश पाल की पत्नी गीतांजलि देवी का नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में शांति देवी ने बताया कि उनके देवर प्रभु चौधरी की तबियत गंभीर रूप से खराब होने के बाद उन्हें टेंपो रिजर्व करके अपने घर से डालटनगंज इलाज के लिए ले गये थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के बाद सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में नेनुआ गांव के पास गीतांजलि देवी भी टेंपो में सवार हो गयी थीं। तभी हुदहुद के पास गढ़वा की ओर से जा रही कार ने टेंपो में टक्कर मार दी।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर

**गढ़वा।** रेहला मार्ग पर बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । घायल महिला गढ़वा जिले के रमकंडा गांव निवासी सफीक अंसारी की पुत्री नाजिया खातून बतायी जा रही है। उन्हें इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि नाजिया खातून अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रमकंडा से पलामू जिले के विश्रामपुर अपनी बड़ी बहन के यहां जा रही थी। इसी दौरान बेलचंपा स्थित गोल्डन इंडियन पेट्रोल पंप के पास वे असंतुलित होकर गिर गईं।

### शेखर कुमार ने थाना प्रभारी पद पर दिया योगदान

**डंडई ।** शेखर कुमार सिंह ने 14वें थाना प्रभारी के रूप में डंडई थाना में रविवार को योगदान दिया। थाना प्रभारी शाबाज अंसारी से उन्होंने पदभार ग्रहण किया। उसके बाद थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान नए थाना प्रभारी को गुलाब का फूल व माला पहनाकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ ग्रामीणों द्वारा जहां सम्मानित किया गया। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी के साथ एसआई नवीन शर्मा को भावभीनी विदाई दी गयी। नवनियुक्त थाना प्रभारी ने कहा कि भय, भ्रष्टाचार, दलाल और अपराध मुक्त थाने का संचालन करना पहली प्राथमिकता होगी। दीनानाथ पांडेय ने ग्रामीणों की तरफ से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

### सड़क हादसे में गंभीर

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग पर सेल के टाईम ऑफिस के समीप रविवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने किया सत्संग



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोत्तोम ध्वनि,शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, नाम जप,सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि प्रत्येक सत्संगी यदि याजन करे तो मनुष्य के अंदर सत्य अर्थात धर्म के प्रति जिज्ञासा बढ़ जाती है। नामजप करने से अपने इष्ट के प्रति विश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विश्वास करने से सब कुछ सम्भव है। सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, अजय दा, प्रीतम, श्रीकांत, आदित्य, प्रमिला देवी, रामा देवी, मधु, दीपमाला, चंचला गुप्ता, धृतिदीप्त, अनिता देवी, गीता देवी, सत्यम, तनु, तनुष्का, रीना देवी उपस्थित रहीं।

## 50 लाभुकों को मिला उज्जला गैंस सिलेंडर



**केतार।** स्थानीय बाजार स्थित बंग्लामुखी भारत गैस एजेंसी के कार्यालय परिसर में रविवार को 50 महिला लाभुकों के बीच उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। गैस सिलेंडर का वितरण जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद और गैंस एजेंसी संचालक अंगद कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गरीब महिलाओं को मुफ्त गैंस सिलेंडर प्रदान कर रही है। इससे महिलाओं को लकड़ी और उपले पर खाना बनाने से निजात मिल रही है।

### नहीं किया गया स्कूल को अपग्रेड, आठवीं के बाद लड़कियों की छूट जाती है पढ़ाई

## माध्यमिक शिक्षा के लिए सात किमी दूर जाते हैं मुकुंदपुर के छात्र




**बिट्टू सिंह**

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय को अभी तक हाईस्कूल में अपग्रेड नहीं किये जाने से उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययन के लिये छात्रों को जहां सात किमी दूर जाना पड़ता है। वहीं आठवीं कक्षा के बाद ही सुरक्षा संबंधी कारणों व दूर भेजने के भय से छात्राओं की पढ़ाई छूट जाती है। जबकि इस स्कूल को अपग्रेड करने की मांग मुकुन्दपुर, सिंहपुर,मायर,और बेलाबार गांव के ग्रामीणों द्वारा वर्षों से की जाती रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मुकुन्दपुर पंचायत में एक भी हाईस्कूल नहीं है। यहां के छात्र-छात्राओं को छह से आठ किलोमीटर दूर केतार और परसोडीह के हाई स्कूल में पढ़ने जाना पड़ता है। लड़के तो किसी तरह वहां पढ़ने चले जाते हैं ,लेकिन लड़कियां नहीं जा पाती हैं। नतीजतन अभिभावक चाहकर भी लड़कियों को आठवीं कक्षा के बाद उनकी पढ़ाई नहीं करा पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ तो सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की यह स्थिति महिला शिक्षा की अनिवार्यता पर सवालिया निशान खड़ा कर रही है। ग्रामीण श्रीकांत ठाकुर,रिशु सिंह, रविन्द्र प्रसाद, संतोष साह, दिनेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, संगीता देवी, बबिता देवी, प्रिया सिंह आदि ने कहा कि शासन- प्रशासन स्कूलों को अपग्रेड कर रहा है, लेकिन मुकुन्दपुर स्कूल को सभी मानक पूरा करने के बाद भी अपग्रेड नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विधायक भानू प्रताप शाही का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल विद्यालय को अपग्रेड कराये जाने का अनुरोध किया है।

**प्रस्ताव भेजा गया था, स्वीकृति नहीं मिली**

मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर,मध्य विद्यालय केतार और मध्य विद्यालय पाचाडुमर को अपग्रेड का दर्जा दिलाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है। **आकाश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी, गढ़वा**

**स्कूल को अपग्रेड करना जरूरी मुखिया**



उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर को हाईस्कूल में अपग्रेड किया जाना बहुत जरूरी है। छात्र- छात्राओं को दूसरे पंचायत में पढ़ाई करने पैदल जाना पड़ता है। जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। विद्यालय अपग्रेड करने की मांग विधायक से की गयी है। **मूंगा साह, मुखिया मुकुन्दपुर**

**हाईस्कूल होना बहुत जरूरी**



मुकुन्दपुर पंचायत के गरीब तबके के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। यहां कक्षा आठ तक का ही स्कूल है। आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को आठ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। उन्हें पढ़ाई से अधिक मेहनत स्कूल आने-जाने में ही करना पड़ता है। **चंदन प्रसाद, ग्रामीण, मुकुन्दपुर**

**बालिका शिक्षा में अवरोध**



मुकुन्दपुर विद्यालय को हाईस्कूल का दर्जा मिलने पर यहां के बच्चों को पढ़ाई करने में सहूलियत होगी। खासकर उन बेटियों के लिए वरदान साबित होगा, जो बीच में पढ़ाई छोड़ देती है
**प्रिया सिंह, समाजसेवी**

### आईटी सेल के साथ पुलिस ने लिया मुखबिर का सहारा

## वारदात के बाद लगातार जगह बदलते रहे लूटेरे

**घटना को अंजाम देने के बाद लूटेरे लगातार जगह बदलते रहे। इसलिये आईटी सेल की सक्रियता के बाद भी उन्हें दबोचने में देर हुई। आखिरकार गुप्तचरों की मदद से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि उक्त तीनों ने ही मिलकर लूट की योजना बनायी थी। उन्हें पता था कि रूप अलंकार में सबसे ज्यादा सोना मिल सकता है। घटना को अंजाम देने के बाद लूटेरे लगातार जगह बदलते रहे। इसलिये आईटी सेल की सक्रियता के बाद भी उन्हें दबोचने में देर हुई। आखिरकार गुप्तचरों की मदद से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। **व्यवसायियों ने एसपी को दी बधाई :** जिला मुख्यालय के व्यवसायियों ने लूट मामले का खुलासा करने को लेकर एसपी को सम्मानित किया। व्यवसायियों ने कहा कि पहली बार इतनी बड़ी लूट की घटना का पुलिस ने तत्परता से खुलासा किया है। इसके साथ ही लूट के सामान भी बरामद कर लिये गये हैं। बधाई देने वालों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग शामिल थे।

**एसपी ने किया पुलिस पदाधिकाधिकारियों को सम्मानित**

रूप अलंकार लूट मामले का उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू, पुलिस निरीक्षक ब्रज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश दुबे, सुमंत कुमार राय, हित नारायण महतो, अनुरंजन कुमार, जनार्दन रावत, रवि कुमार केसरी, अनिल नायक, अभिमन्यु सिंह, सुनील कुमार सिंह, हवलदार जितेंद्र कुमार रजक, आरक्षी अभय कुमार सिंह, पंचम राम, राकेश कुमार, दीपक कुमार, विपिन प्रधान, राकेश पाल, श्याम बिहारी यादव रामनारायण विश्वकर्मा, विरेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, दर्शन कुमार पांडे सहित अन्य लोग शामिल थे।

**यूपी व छग में भी की गयी छापेमारी**

उन्होंने बताया कि जल्द ही फरार दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस घटना में गढ़वा पुलिस यूपी, छत्तीसगढ़ सहित पलामू में भी कई स्थानों पर छापेमारी कर रही थी। तीनों लुटेरों का अपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार प्रदीप डोम पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक शराब दुकान से लूट के मामले में जेल गया था। वह कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। उन्होंने बताया कि 300 ग्राम सोना लेकर फरार अभियुक्त बाजार में बेचने के लिए गए है, लेकिन वे अपने मंसूबे में सफल नहीं होंगे।

**इस घटना में गढ़वा पुलिस यूपी, छत्तीसगढ़ सहित पलामू में भी कई स्थानों पर छापेमारी कर रही थी**

### चहारदीवारी विहीन सीएचसी में असुरक्षा का माहौल

**डंडई।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चहारदीवारी नहीं होने के कारण जहां चिकित्सका कर्मियों के साथ मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अभी तक बिजली नहीं पहुंचने से चिकित्सक लालटेन की रोशनी में मरीजों का उपचार करने को विवश हैं। गर्मी के दिनों में तो स्वास्थ्य कर्मियों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अस्पताल में लगे दो दर्जन से भी अधिक पंखे बिजली के बिना महज शोभा बनकर रह गये हैं। ग्रामीण आफताब आलम, नंदू यादव, करीमन सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद ,पूर्व उपप्रमुख आनंद प्रकाश,विवेकानंद कुशवाहा,प्रमोद राम,मणि पटवा इत्यादि लोगों का कहना है कि प्रखंड कार्यालय के पीछे बने सीएचसी अस्पताल आज तक मूलभूत समस्याओं से कोसों दूर है। सुरक्षा के लिहाज से चहारदीवारी का भी निर्माण नहीं कराये जाने से विशेषकर रात में चोर-उचक्कों का भय बना रहता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### बैंक में खाता तक नहीं, आ गया ऋण का नोटिस

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के सिंहपुर गांव निवासी ललन सिंह को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा केतार के द्वारा बकाया ऋण वसूली हेतु दूसरी बार कोर्ट के माध्यम से नोटिस भेजा गया है। इसमें ब्याज सहित 53 हजार 105 रू. ऋण बकाया दिखाया गया है। समय पर बकाया ऋण जमा नहीं करने पर करार का उलंघन और बैंक से विश्वासघात करने पर बिहार और उड़ीसा पीडीआर एक्ट के तहत 1914 और सिविल प्रक्रिया 1908 के तहत सार्टिफिकेट केस करने और कुर्की जब्ती करने की चेतावनी दी गयी है। इधर ललन सिंह ने किसी भी तरह का ग्रामीण बैंक से ऋण लेने की बात से इंकार किया है। उन्होंने बताया कि उनका ही नहीं उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने भी कभी ग्रामीण बैंक केतार में खाता नहीं खुलवाया है। पहली बार एक वर्ष पुर्व नोटिस आने के बाद उन्होंने बैंक जाकर शाखा प्रबंधक से शिकायत भी की थी। तब शाखा प्रबंधक द्वारा गलती से नोटिस भेजने की बात कही गई थी, लेकिन पुनः रविवार को उनके घर नोटिस भेजा गया है। फर्जी नोटिस भेजे जाने से उनका पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक कर्मियों और दलालों ने आपसी मिलीभगत कर उनके नाम पर फर्जी तरीके से ऋण निकाल लिया है। उन्होंने इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया की वो न्यायालय का शरण लेंगे।

**वर्जन...**

इस सम्बन्ध में खाता और दस्तावेज जांच करने के बाद ही स्पष्ट रूप से पता चल पायेगा।
**अभिषेक कुमार, शाखा प्रबंधक**

### सहजकर्ता दल के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**विशुनपुरा।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सबकी योजना-सबका अधिकार अभियान 2024-25 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण देने के लिये तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण में बिरडीहा एवं विशुनपुरा प्रखंड के वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया भाग ले रही हैं। प्रशिक्षक कर्ण कुमार थप्पा ने ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को लक्ष्य व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकेतों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिला सभा, बाल सभा, ग्राम सभा, विशेष ग्राम सभा के माध्यम से कार्य योजना तैयार करने का निर्देश सहजकर्ता दलों को दिया गया। उन्होंने कहा कि निर्धारित नियमों का अनुपालन करते हुये कार्य योजना तैयार करें। प्रचार-प्रसार हेतु दीवाल लेखन व बैनर-पोस्टर का उपयोग करें। इस दौरान गरीबी मुक्त व उन्नत आजीविका, स्वस्थ गांव सहित नौ विषयों पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक गणेश कुमार सिंह, सुबोध कुमार, पंचायत सचिव विकास कुमार, राकेश बैठा, पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह, जगदीश बैठा उपस्थित थे।

### भाजपा के आरोप पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ने किया पलटवार

## एससी कोटा के आरक्षित सीट से ही मंत्री बने हैं सत्यानंद

**महागठबंधन में सभी जाति, वर्ग, समाज एवं सभी संप्रदाय के लोगों को उचित मान-सम्मान एवं उन्हें उनका पूरा हक मिलता है।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड की महागठबंधन सरकार में अनुसूचित जाति कोटा के तहत ही राजद के सत्यानंद भोक्ता मंत्री बने हैं। फिर भी कुछ लोगों को इस बात की समझ ही नहीं है कि मंत्री श्री भोक्ता अनुसूचित जाति समाज से आते हैं। बगैर जानकारी के ही लोग अनर्गल बयानबाजी करते फिर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य शंभू राम ने पूर्व सांसद घूरन राम के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उक्त बातें कही। श्री राम ने कहा कि महागठबंधन में सभी जाति, वर्ग, समाज एवं सभी संप्रदाय के लोगों को उचित मान-सम्मान एवं उन्हें उनका पूरा हक मिलता है। जबकि दूसरी पार्टियां धर्म एवं जाति के नाम पर राजनीति करती हैं। ऐसे मौका परस्त लोग खाते किसी का हैं और गाते किसी का हैं। जनता सब समझ रही है। लोकसभा चुनाव में निश्चित ही सबक सिखायेगी।

### खेल प्रेमियों ने जताया रोष, जिला प्रशासन से की मनुहार

## खेल मैदान विद्यालय का, राजस्व लेता है नगर परिषद




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के एकमात्र खेल मैदान गोविंद हाई स्कूल परिसर में है। इसके बाद भी यहां लगने वाले व्यवसायिक मेले के लिये नगर परिषद द्वारा राजस्व की वसूली की जाती है। इससे जहां खिलाड़ियों का अभ्यास बाधित हो रहा है। वहीं सुबह-शाम टहलने आने वाले नागरिकों को भी परेशानी हो रही है। और तो और विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। नागरिकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष उक्त मैदान पर व्यापक पैमाने पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसके लिये भारी-भरकम राशि खर्च कर आयोजन समिति मैदान को माकूल बनाती है, किंतु इसके व्यवसायिक प्रयोग के कारण पुनः खेल मैदान हाट में तब्दील हो जाता है। लोगों ने उपायुक्त का ध्यान इस तरफ आकृष्ट कराया है।

**वर्जन...**

गढ़वा नगर परिषद के ओर से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में व्यापार मेले के लिए आवेदन के आधार पर अनुमति दी जाती है। उससे नगर परिषद को राजस्व की भी प्राप्ति होती है।
**विजय कुमार, एसडीओ गढ़वा**

## आस्था

### दुर्गा सप्तशती पाठ की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय, लोगों में उत्साह

## धूमधाम से मना मां अष्टभुजी मंदिर का वार्षिकोत्सव





**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** स्थानीय मां अष्टभुजी दुर्गा मंदिर का 25वां स्थापना दिवस पारंपरिक तरीके से उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी लव जी पांडेय व सत्येंद्र वैद्य के द्वारा दुर्गा सप्तशती के विधिवत पाठ के बाद कन्या भोजन और हवन कार्य किया गया। इस दौरान दुर्गा सप्तशती पाठ की अनुगूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रदीप चौबे ने बताया कि स्थापना दिवस पर परंपरा के मुताबिक रात्रि में प्रसाद के रूप में खीर का भोग मातारानी पर चढ़ाकर भक्तों में वितरित किया गया। आयोजन में कमेटी के गणेश सिंह, संतोष कुमार,सत्यम पांडे,संजय कुमार,शांतनु कुमार ,संजीव सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाई।

**सामूहिक सहयोग से मंदिर का निर्माण**

बताया जाता है कि सेल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ भवनाथपुर, केतार, खरौंधी ,कांडी के आम जन के सहयोग से दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया है। परिसर में सूर्य मंदिर,राधा-कृष्ण मंदिर,पंचमुखी हनुमान मंदिर, भैरव महाराज, शिव मंदिर व देवी मंदिर का भव्य निर्माण किया गया है। जिले में प्रख्यात तीर्थ स्थल सतबहिनी मंदिर के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा तीर्थ परिसर है।

### शिव पहाड़ी मंदिर में धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि

भवनाथपुर शिव पहाड़ी निर्माण कमेटी के द्वारा मंदिर परिसर में बबन साह की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बैठक की गयी। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से पर्व मनाने को लेकर योजना बनाई गई। इस दौरान तय किया गया कि इस बार भी दो दिवसीय पूजा के साथ अखंड कीर्तन किया जायेगा। सुचारू संचालन के लिये गठित कमेटी में अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, सचिव रामविजय साह, सह सचिव चंद्रकेश्वर गुप्ता, कोषाध्यक्ष लालबहादुर साह, सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, कमेटी संरक्षक बबन साह, संजय राय भट, ओमप्रकाश आर्या व सुरेश ठाकुर को बनाया गया।

## एक नजर

### कासिम ने प्रतापपुर के नए थाना प्रभारी के रूप में दिया योगदान



**प्रतापपुर।** प्रतापपुर थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में पुलिस अवर निरीक्षक कासिम अंसारी ने रविवार को योगदान देने के उपरांत पदभार ग्रहण किया। नए थाना प्रभारी का स्वागत मोहम्मद परवेज आलम, सन्मुख यादव, सब इंस्पेक्टर निताय शाह व एएसआई वीरेंद्र तिवारी ने पुष्पगुच्छ एवं बुके देकर किया। अंसारी 2018 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक हैं। इसके पहले सरायकेला जिला में पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती, शराबखोरी और अवैध शराब निर्माण को रोकने के साथ विधि व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करना, नक्सली गतिविधियों पर नजर बनाए रखना और इसे रोकने के लिए लगातार अभियान चलाना, क्षेत्र में समरसता व लोगो में आपसी भाईचारा बनाए रखना, पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति थाना में अपनी समस्या को लेकर बेहिचक आएं, उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### मयूरहंड के बारहवें थाना प्रभारी बने राहुल सिंह, लिया प्रभार



**मयूरहंड।** मयूरहंड थाना के बारहवें थाना प्रभारी के रुप में रविवार को पुलिस अवर निरीक्षक राहुल सिंह ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह से प्रभार लिया। पूर्व थाना प्रभारी सिंह ने नए थाना प्रभारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। नए थाना प्रभारी सिंह मूलतः रांची के रहने वाले हैं और 2018 बैच के पुलिस अवर निरीक्षक हैं। इससे पूर्व सरायकेला सदर थाना में पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर नियंत्रण करना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही वरीय अधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया जाएगा ताकि पुलिस व पब्लिक के बीच सामंजन बना रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा

**बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव बोले, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाया गया है, केंद्रीय एजेंसी के सहारे झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया**




**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव में न्याय पदयात्रा निकाला जा रही है। इसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसाया गया है। केंद्र सरकार एजेंसी ईडी के माध्यम से झूठे मुकदमे में जेल भेजा गया।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य का भला किया जा रहा था, जिससे लोग सुखी और समृद्ध हो रहे थे। राज्य का विकास भाजपा की केंद्र सरकार को रास नहीं आ रहा था। इसके चलते हेमंत सोरेन को फंसाया गया है। एक आदिवासी की सरकार लोगों के हित में हमेशा काम करती रही थी। हर क्षेत्र में गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए विकास कर रहे थे। मसीगतू ग्राम से शुरू हुई न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता षड्यंत्रकारी भाजपा की सरकार को हरा कर गद्दी से उतारने का काम करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे षड्यंत्र को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस मौके पर ऐश्वर उरांव, बीस सूत्री नागदेव उरांव, मुनाजिर खान, परमेशर गंझू, अमित उरांव, पप्पू खान, रामकेवाल उरांव, सुरेश उरांव, एजाज खान आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# इटखोरी महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ आज होगा, सीएम चंपाई करेंगे उद्घाटन

## जिला प्रशासन ने पूरी की तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारी, होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** प्रखंड मुख्यालय स्थित माता भद्रकाली मंदिर परिसर में हर वर्ष आयोजित होने वाला तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का इस बार भी पूर्व निर्धारित तिथि 19 फरवरी से शुभारंभ हो रहा है। यह महोत्सव 21 फरवरी तक चलेगा। महोत्सव की तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा लगभग पूरी कर ली गई है।

राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा सोमवार को किया जाएगा। झारखंड सरकार की ओर से रविवार को घोषित किया गया है कि इस महोत्सव में भारतीय और झारखंड की संस्कृति और सभ्यता को महत्व दिया जाएगा। भक्तिमय और संगीतमय प्रस्तुतियां लोगों को महोत्सव में स्वागत करेंगी। इस महोत्सव में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। विशेष रूप से महोत्सव में स्थानीय खाद्य, हस्तशिल्प और कला का प्रदर्शन होगा। स्थानीय लोगों की मानें तो यह अद्वितीय महोत्सव झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा और पर्यटकों को राज्य की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत के अनुभव का मौका मिलेगा।

### झारखंडी संस्कृति की दिखेगी झलक

तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव भारतीय एवं झारखंड की संस्कृति और सभ्यता से ओत-प्रोत होगा। इसमें भक्तिमय एवं संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समारोह के मुख्य अतिथि चंपाई सोरेन होंगे। विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा सांसद सुनील सिंह करेंगे।

### माता के दर्शन के बाद सीएम करेंगे उद्घाटन

कार्यक्रम के मुताबिक, 19 फरवरी के दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे के बीच मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आगमन होगा। इसी दौरान दर्शन-पूजन एवं महोत्सव का उद्घाटन होगा। इसके बाद शाम 5:30 बजे से शाम 6 बजे तक डॉ. विपिन मिश्रा एवं ग्रुप की प्रस्तुति होगी। उसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इटखोरी की ओर से शाम 6 बजे से 6:30 बजे तक प्रस्तुति दी जाएगी। इसके उपरांत मुकुंद नायक एवं ग्रुप, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप, अल्ताफ राजा एवं ग्रुप, अक्षरा सिंह। 20 फरवरी 2024 को सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, शालीनी दुबे एवं ग्रुप, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, रोहित आरके एवं ग्रुप, बिनोद राठौर एवं ग्रुप, 21 फरवरी 2024 को बीएसएफ हजारीबाग, मृणालिनी अखौरी, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, रजत आनन्द एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप, राजकीय इटखोरी महोत्सव का समापन एवं भाषण कार्यक्रम किया जायेगा।

## उपायुक्त ने किया राजकीय महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थली माता भद्रकाली मंदिर स्थित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण रविवार को उपायुक्त अब्बू इमरान ने किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, स्टेज, कार्यक्रम स्थल व मंदिर समेत कई स्थलों का निरीक्षण कर संबंधितों को कई दिशा निर्देश दिए। शेष बचे कार्य को अति शीघ्र पूर्ण करने को भी कहा। बताया कि कार्यक्रम में झारखंड के कलाकार के अलावे देश के नाम चीन कलाकार भी अपना जलवा बिखेरेंगे। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी से लेकर आम दर्शक भी कार्यक्रम का आनंद शांति पूर्वक ले सकते है। इसके लिए जिला प्रशासन ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। हर जगह पर दर्शकों के सुरक्षा हेतु पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। मौके पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ सुरेंद्र उरांव, डीएसपी रोहित कुमार रजवार, डीपीआरओ तुषार कुमार, सीओ राम विनय शर्मा, बीडीओ सोमनाथ बंकीरा, थाना प्रभारी विनोद यादव आदि मौजूद थे।

# लापता वृद्ध महिला का 11 दिन बाद सड़ी गली हालत में मिला शव

**वृद्ध महिला की मानसिक स्थिति खराब थी, अक्सर वह बीमार रहती थी**

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम चटकपुर निवासी वृद्ध महिला मगदली केरकेट्टा, पति स्व. फुलेमान कुजूर का शव सड़ी गली हालत में मिली। वह 28 जनवरी की सुबह घर से लापता हो गई थी। बताया जाता है कि वृद्ध महिला की मानसिक स्थिति खराब थी। अक्सर वह बीमार रहती थी। इसको लेकर उनकी पुत्री सुशीला कुजूर द्वारा थाने में आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। साथ ही सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से वृद्ध महिला की खोजबीन करने का प्रयास किया गया था। वृद्ध महिला का शव 11 दिन बाद अपने गांव से सात किलोमीटर दूर पोटमाडीह नाले में मिला। गुरुवार देर शाम ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना परिजनों को दी गई। शुक्रवार सुबह शव की पहचान कर इसकी सूचना थाने को दी गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। साथ ही पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन




**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2023 के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय से आये प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला ने अंतिम दिन मुखिया, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, जेएसएलपिएस के अध्यक्ष व सचिवों को पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्चर साफ सफाई आदि योजनाओं में से किसी एक योजना पर संबंधित पंचायत के मुखिया व सचिव द्वारा एक थीम का चयन कर अपने पंचायत में कार्य करने पर जोर दिया। कहा कि इस विधि से कार्य करने पर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के लक्ष्य व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकेतो की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस क्रम में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गरीबी मुक्त व उन्नत आजीविका, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैशी गांव, महिला हितैशी गांव सहित नौ विषयों पर भी प्रकाश डाला। मौके पर मनरेगा बीपीओ केतन गुप्ता, प्रखंड समन्वयक पंकज पांडे, मुखिया शांति देवी, रानो देवी, राजीव भगत, सुरेश उरांव, केदार गंझु, सरिता देवी, शुशिला देवी, तेतरी देवी आदि उपस्थित थे।

## कार्यक्रम: झारखंड कुशवाहा महासभा सम्मेलन का आयोजन

# राजनीतिक चेतना, महिला सशक्तीकरण शिक्षा व समाज की एकता पर दिया बल



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** प्रखंड क्षेत्र के ढोढी मंधनिया दुर्गा मंदिर मैदान में रविवार को झारखंड कुशवाहा (दांगी-मेहता) महासभा का एक दिवसीय युवा जिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व शहीद प्रदीप महतो के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन ज्योति निकेतन विद्यालय के संस्थापक अनिल कुमार भारती ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हकीम प्रसाद महतो तथा जिलाध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी की मौजूदगी में मुख्य रूप से राजनीतिक चेतना, महिला सशक्तीकरण, शिक्षा तथा समाज की एकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वक्ताओं द्वारा बेहतर समाज के निर्माण, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक एकता को बढ़ावा देने तथा समाज में व्याप्त बुराइयों तथा नशा मुक्त समाज निर्माण की बातें कही गईं। इसके अलावा क्षेत्र के वैसे लड़के तथा लड़कियों को सामानित किया गया जो शिक्षा के बदौलत किसी न किसी पद पर कार्यरत हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने ढोढी गांव के सिकेंद्र मेहता को कुशवाहा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं चतरा की चिंता देवी को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से चतरा, कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो समेत विभिन्न जिले से समाज के बुद्धिजीवी पहुंचे थे।

वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी सर्जन दांगी, नरसिंह दांगी, मनोज दांगी, सिकंदर मेहता, बाबूलाल दांगी, सकलदेव दांगी, राम बच्चन देव दांगी आदि ने अहम भूमिका निभाई। मंच पर मुख्य रूप से सत्यदेव प्रसाद वर्मा, बटेश्वर प्रसाद मेहता, श्याम सुंदर प्रसाद मेहता, देव चरण दांगी, हिरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, देव नारायण दांगी, प्रशांत मेहता, संजय मेहता, सतीश कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### जीवन रक्षक क्लीनिक ने लगाया लगाया निशुल्क मेडिकल कैंप

**बरवाडीह।** जीवन रक्षक क्लिनिक नई मोहल्ला रेलवे स्टेशन डालटेनगंज के सौजन्य से एवं कुटमु स्थित सिद्धार्थ मेडिकल स्टोर द्वारा प्रखंड के कुटमु चौक के समीप निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसका जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, लातेहार जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग नसीम अंसारी, बेतला पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह, पोखरी कला पंचायत के मुखिया नीतू देवी, हॉस्पिटल के संचालक प्रवीण कुमार पाठक ने सामूहिक रूप से शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने उपस्थित ग्रामीणों को इस कैंप के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की।डायरेक्टर प्रवीण पाठक ने बताया कि मेदिनी नगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा सस्ते एवं आधुनिक संसाधनों द्वारा यहां सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन किया जाता है। वहीं भी इस अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा के साथ प्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम मौजूद रहती है। सिद्धार्थ मेडिकल स्टोर के संचालक रामनिवास पाठक, राकेश कुमार, राकेश दुबे, नवीन कुमार, सलीम, रजनी, शिवानी, पुष्पा, प्रियंका, देवेंद्र शुक्ला आदि सहयोग कर रहे थे।

# 'पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत भेजा गया जेल'




**झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च, केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर की नारेबाजी**

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** प्रखंड की पहरा पंचायत में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकालकर केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

न्याय मार्च पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में पहरा पंचायत के खलारी गांव से निकाली गई। उन्होंने बताया कि न्याय मार्च प्रत्येक पंचायत में अलग-अलग तिथि को निकाली जाएगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक षड्यंत्र के तहत फंसा कर जेल भेजा गया है। इसका खामियाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को भुगतना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार ने साजिश कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है, जबकि भाजपा में शामिल होने वाले भ्रष्टाचारियों के विरुध कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन को तत्काल रिहा करने की मांग की। न्याय यात्रा में पार्टी के उपाध्यक्ष जयप्रकाश दांगी, कृष्णा उरांव, तृषा बोदरा, जयसिंता नाग, अनिल नाग, थॉमस मुंडा, विक्रम कुमार, पिंटू कुमार सहित कई महिलाएं व पुरुष शामिल थे।

## एक नजर

### कई कर्मियों का वर्षों से स्थानांतरण नहीं, चुनाव आयोग से हटाने की मांग

**बरवाडीह।** निर्वाचन आयोग के आदेश परा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रखंड में तीन वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित बीडीओ, सीओ, एसडीपीओ, थाना प्रभारी समेत कई विभागों के कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। इसके बावजूद निर्वाचन आयोग के आदेश को दरकिनार करते हुए प्रखंड मुख्यालय में वर्ष 2017 से लगातार सात वर्ष से पीएम आवास समन्वयक बरवाडीह में पदस्थापित है। इसके आलावा प्रखंड में कार्यरत जनसेवक 2019 से 5 वर्षों से अधिक समय से एक ही प्रखंड में पदस्थापित है, जबकि झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार द्वारा जनवरी के पहले सप्ताह में ही जिले एवं राज्य के अंतर्गत 3 वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि से एक जगह पर जमे हुए पदाधिकारियों एवं कर्मियों का ट्रांसफर करते हुए 31 जनवरी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन इन सब आदेशों के बावजूद कार्यरत इन सब कर्मियों का स्थानांतरण अब तक नहीं हो पाया है। मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश मिश्रा ने इस संबंध में झारखंड मुख्य निर्वाचन आयुक्त से पत्राचार कर बरवाडीह प्रखंड में 5 वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित पीएम आवास कोऑर्डिनेटर, जन सेवक का स्थानांतरण करने की मांग की है।

### प्रजापति महासंघ की बैठक में शिक्षा के महत्व पर की गई चर्चा



**बारियातु।** प्रखंड के बरछिया में प्रजापति (कुम्हार) महासंघ बरियातु द्वारा अजीत प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में प्रखंड कमेटी व पंचायत कमेटी के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। वहीं समाज के उत्थान के लिए प्रयास करने की बात की गई। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, नशाखोरी से मुक्ति, अंधविश्वास, डायन कुप्रथा सहित सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने सहित अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। वहीं प्रखंड कमेटी विस्तार के लिए 3 मार्च को सर्व सहमति से तिथि निर्धारित की गई। बैठक का संचालन सोनु प्रजापति ने की। मौके पर उपस्थित भीम प्रजापति ने कहा कि शिक्षा आज के समाज में सभी कुरीतियों के अंत करने का एक सशक्त माध्यम है। बैठक में मुख्य रूप से मित्यांद प्रजापति, आनंद प्रजापति, गोविंद प्रजापति, राकेश प्रजापति, नरेश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, राजेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, अवध प्रजापति, पुन्नू प्रजापति, तुलसी प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

संपन्न लोगों को अधिक और निहायत गरीब लोगों को दिया गया कम स्कोर

# पात्र लाभुकों को नहीं मिल रहा अबुआ आवास योजना का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक अबुआ आवास योजना भी है। राज्य सरकार झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले निराश्रित व दिव्यांग लोगों को पक्का आवास से जोड़ने के उद्देश्य से अबुआ आवास योजना लेकर आई है।

इसके लिए राज्य सरकार ने बाकायदा स्कोरिंग सिस्टम भी लागू किया है ताकि गरीब व असहाय छत विहीन परिवार को स्कोरिंग कर प्राथमिकता सूची के तहत अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जा सकें, परंतु भंडरा प्रखंड में अबुआ आवास के लिए जारी सूची कुछ और ही है। निहायत ही जरूरतमंद व्यक्ति को स्कोर कम दिया गया है, जबकि संपन्न लोगों को स्कोर अधिक दिया गया है। इससे कई लाभुकों को अबुआ आवास योजना से वंचित रहना पड़ सकता है। सरकार द्वारा जारी मापदंड में थ्री व्हीलर, फ्रिज, पक्का मकान वाले परिवार के बजाय दिव्यांग, विधवा, निराश्रित, कानून तौर पर रिहा श्रमिक, जनजाति समुदाय के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार कर स्कोर देने का प्रावधान है। इसमें दो पंचायत जनप्रतिनिधियों व दो सरकारी कर्मियों को नियुक्त करना था। इसी चार सदस्यीय टीम द्वारा अबुआ आवास के लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर स्कोर दिया जाना था, परंतु स्कोर देने के काम से जनप्रतिनिधियों को दूर रखा गया है। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि स्कोर देने का काम स्थानीय पंचायत के दो जनप्रतिनिधियों व दो सरकारी कर्मियों द्वारा दिया गया है, परंतु भंडरा मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि इस तरह के स्कोर देने में मुखिया का कोई योगदान नहीं रहा है। इस मामले में बीडीओ को ज्ञापन भी दिया गया है। इधर भंडरा प्रखंड में अबुआ आवास को लेकर कई तरह की चर्चा भी तेज है।

सूत्रों की मानें तो प्रखंड कार्यालय में कार्यरत एक कर्मी द्वारा ही रविवारीय अवकाश के दिन क्षेत्र भ्रमण कर अबुआ आवास के नाम पर अवैध राशि की मांग की गई है। साथ ही कई लाभुकों से राशि ली भी गई है। हालांकि इस मामले में कितनी सच्चाई है। यह जांच का विषय है। राशि लेने की बात की अखबार पुष्टि नहीं करता, पर हर लोगों की जुबां में इस तरह की चर्चा आम हो गई है।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में जेएमएम ने निकाली न्याय यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
कैरो प्रखंड की नरौली पंचायत में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मो. सज्जाद के नेतृत्व में केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी की उपस्थिति में न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा नरौली मुख्य चौक से शुरू होकर विभिन्न गली मोहल्लों से गुजरती हुई पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपलब्धियों को लोगों के सामने रखा। कहा कि भाजपा ने उन्हें राजनैतिक षड्यंत्र के तहत फंसाते हुये केंद्रीय एजेंसी ईडी का दुरुपयोग करते हुए जेल भेजने का काम किया है। मौके पर शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, जेएमएम पार्टी जिंदाबाद, चंपई सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाये गये।

मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चार वर्षों तक झारखंड में सरकार चलाई। उनके कार्यकाल में झारखंड का सर्वांगीण विकास हो रहा था। भाजपा इससे घबरा गई और हेमंत सोरेन को किसी भी तरह कमजोर करने की साजिश रचने लगी। हेमंत सोरेन का विकास भाजपा को पच नहीं रहा था। प्रदेश की जनता सबकुछ जानती है आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। यात्रा में प्रखंड अध्यक्ष मो सजाद, सचिव धनपत उरांव, समीरुदीन अंसारी, मनोज उरांव, अख्तर अंसारी, परवीन साहू, गुलाब साहू, सकलू उरांव, समीउल्लाह अंसारी, सुरेश साहू, मंगलदेव उरांव, दीपक उरांव, एतवा उरांव, मंटू उरांव, राधेश्याम उरांव आदि शामिल थे।

# इलाज कराने हैदराबाद गया था परिवार, घर में लगी सेंध

### ढाई लाख नकद सहित सोने चांदी के जेवरात ले गए चोर, मौके पर पहुंची पुलिस टीम जांच में जुटी





**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित टावर मुहल्ला में शनिवार की मध्य रात्रि एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने मकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और कीमती सामान की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार टावर मुहल्ला निवासी पेट्रोल पंप में कार्यरत अनिल कुमार गुप्ता को डॉक्टरों ने ऑपरेशन करवाने की सलाह दी है। इसके लिए वे शुक्रवार 16 फरवरी को सपरिवार हैदराबाद गए हैं। रविवार की सुबह उन्हें उनके पड़ोसियों ने चोरी की सूचना दी जिसके बाद अपने मायके चंदवा गयी उनकी पुत्रवधु वर्षा गुप्ता और अन्य रिश्तेदारों ने आकर घर देखा तो सभी के होश उड़ गए। मेन डोर सहित दो कमरों में रखे अलमीरा, दीवान पलंग, बक्से आदि के ताले टूटे पड़े थे और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। परिजनों के नहीं होने की पक्की जानकारी पर पहुंचे चोरों ने पूरी तसल्ली के साथ मकान की हर अलमारी और बेड आदि को खंगाला था। फिलहाल अनिल कुमार गुप्ता की पुत्रवधू ने कूडू पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी है। पुलिस को दिए गए आवेदन में अपने पति की दुकान और सास के रखे करीब दो लाख पचास हजार नकद सहित सात जोड़ी पायल, दो पीस लॉकेट, दो नेकलेस, एक अंगूठी, दो मांगटीका, तीन पीस नथुनी, दस पीस बिछिया, तीन जोड़ा झुमका, एक मंगलसूत्र, पांच चांदी का सिक्का और हाथ का पंजा दो पीस सहित करीब आठ से दस लाख के सामान की चोरी की बात बताई है। सूचना मिलने पर एएसआई लवकुश सिंह और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाहर का बल्ब खोले जाने पर पड़ोसी को हुआ शक

परिजनों ने बताया कि घर के सामने रहने वाले एक पड़ोसी ने बताया कि रविवार रात करीब एक बजे बाहर की बत्ती अचानक बंद होने पर कारण पता करने जब वे बाहर निकला तो बल्ब खुला हुआ पाया। इसके बाद सामने अनिल गुप्ता के घर का गेट खुला देख किसी अनहोनी की शंका होने पर आसपड़ोस के अन्य लोगों को जगाया और जब देखा तो सभी अवाक रह गए। मेन गेट के अलावा अंदर लगे गेट और सभी कमरे के ताले टूटे हुए थे। इसके बाद इसकी सूचना हैदराबाद गए अनिल गुप्ता को मोबाइल पर सूचना दी। ज्ञात हो कि करीब दो वर्ष पहले मुहल्ले में रहने वाले निरंजन पासवान के भी बंद घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामानों पर हाथ साफ किया था।

# नदी में डूबने से एक बच्ची की मौत, दूसरी हुई बेहोश

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू के जिदो गांव में नदी में डूबने से गांव निवासी शक्ति उरांव की पुत्री वर्णिका उरांव (4) की मौत हो गयी, जबकि उसकी चचेरी बहन समपाल उरांव की छह वर्षीय शिल्पा उरांव बेहोश हो गयी। घटना के बारे में बताया गया कि वर्णिका की मां जिदो नदी कपड़ा धोने गयी थी। उसके जाने के कुछ देर बाद उसकी बेटी वर्णिका अपनी चचेरी बहन शिल्पा के साथ मां को ढूंढने नदी के तट पर पहुंच गयी। मां नदी के दूसरे छोर पर कपड़ा धो रही थी। मां को ढूंढ़ने के दौरान वर्णिका नदी के गहरे पानी में डूब गयी, जिसे बचाने के क्रम में शिल्पा भी डूब गई। तभी आस-पास के लोगों ने दोनों को नदी से बाहर निकालकर आनन-फानन में कुडू सरकारी अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद वर्णिका को मृत घोषित कर दिया, जबकि शिल्पा इलाज के बाद होश में आ गई। पिछले सप्ताह ही वर्णिका के पिता शक्ति उरांव अन्यत्र राज्य मजदूरी करने गए थे। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है।

### दूसरी बच्ची खतरे से बाहर, इस घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया

# श्रमिकों को मिलेगा डीबीटी से भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
भंडरा प्रखंड में मनरेगा योजना में कार्यरत श्रमिक को डीबीटी के माध्यम से मजदूरी भुगतान करने को लेकर खाता खोला जाएगा। इसके लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। भंडरा पंचायत के रोजगार सेवक बीरबल महली ने बताया कि भंडरा प्रखंड के आगामी 20 फरवरी को आकाशी, भंडरा, उदरंगी व 21 फरवरी को भीठा, बड़ागाई, जमगाई, तथा 22 फरवरी को भौंरो, मसमानो, गडरपो पंचायत भवन में इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मनरेगा श्रमिकों का जॉब कार्ड से बैंक खाता को ऑनलाइन इंट्री व नया खाता खोला जाएगा।

# बारियातु में जयंती पर याद किए गए शहीद बुद्धू भगत



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाढा पंचायत के ग्राम पुकचु (करमाही) स्थित धर्मकुड़िया स्थल पर राजी सरना प्रार्थना सभा के सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित कर महान क्रांतिकारी शहीद वीर बुद्धु भगत की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वीर बुद्धु भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष अशोक उरांव, उपाध्याय राजु उरांव, मुनिया उरांव, सचिव संजय उरांव, जिला सलाहकार जलेशर उरांव, प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव की उपस्थिति रही। अतिथियों ने शहीद वीर बुद्धु भगत के जीवन व उनके कार्यो पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित लोगों को उनके जीवन, कार्य व आदर्शो से प्रेरणा लेकर समाज को विकास के पथ पर ले चलने की बात कही। साथ ही समाज में व्याप्त अशिक्षा, अंधविश्वास, स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति सहित सामाजिक सरोकार पर चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सचु उरांव, सुरेश उरांव, मुनिया उरांव, राजेंद्र उरांव, मनिता उरांव, रिक्शोना उरांव, चंद्र देव उरांव, नरेश उरांव आदि मौजूद थे।

# सेन्हा थाने में बिजली चोरी करने के मामले में तीन प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र की बूटी पंचायत अंतर्गत झखरा ग्राम में बिजली विभाग द्वारा छापेमारी टीम गठित कर सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए बिजली चोरी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान मुबारक अंसारी के पुत्र कयूम अंसारी, हबजुल हसन के पुत्र नदीम अख्तर एवं बैरागी उरांव के पुत्र सुनील उरांव तीनों सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा ग्राम निवासी के विरुद्ध बिजली अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के सहायक बिजली अभियंता अंजू कच्छप, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कनीय अभियंता संजीत कुमार, फिरोज अख्तर, मानव दिवस कर्मी भोला प्रसाद साहू, शिवशंकर उरांव सहित पुलिस बल के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया गया। सहायक बिजली अभियंता के लिखित आवेदन पर तीन नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# आठ दोस्त देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार

### दोस्त की शादी पार्टी में हथियार चमकाने व लोगों को धमकाने की थी योजना



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
दोस्त की शादी पार्टी में हथियार चमकाने और लोगों को धमकाने की योजना बनाकर जा रहे आठ दोस्तों को पुलिस ने कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार को एसपी हरविंदर सिंह ने अपने कार्यालय परिसर में प्रेसवार्ता का आयोजन कर पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि शनिवार की रात्रि गुमला पालकोट मार्ग सेमरा गंजई पुल के पास एंटीक्राइम वाहन जांच किया जा रहा था। इस दौरान एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी पुल के पास पहुंची, जिसे रोककर जांच की गई। इसमें अनीश कुमार नामक व्यक्ति के कमर में खोसा हुआ देसी कट्टा बरामद हुआ। वाहन में कुल आठ दोस्त सवार थे। सभी देसी कट्टा लेकर सिसई से अपने दूसरे दोस्त की शादी पार्टी में पालकोट हंसदोन जा रहे थे, जहां हथियार चमकाने, लोगों को डराने और धमकाने की योजना थी। पुलिस ने देसी कट्टा के अलावा एक बोलेरो गाड़ी जब्त की है। गिरफ्तार दोस्तो में सिसई बरगांव निवासी अनीश साहू, नितेश कुमार, घाघरा निवासी छोटू उरांव, सिसई सोगरा निवासी पवन गोप, सुदामा गोप, आशीष गोप, मोहन गोप और सुजीत उरांव शामिल है।

**समारोह** रामगढ़ तबादला होने पर चैनपुर थाना प्रभारी को सम्मान के साथ दी गई विदाई

# चैनपुर के लोग काफी अच्छे हैं : आशुतोष कुमार सिंह





**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के रामगढ़ जिला तबादला होने पर चैनपुर थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंचासीन सिमडेगा एसडीपीओ बैजू उरांव, चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा, चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर मो. शमीम उपस्थित रहे। इस विदाई समारोह में उपस्थित चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने कहा कि चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के साथ मुझे काम कराने का बहुत कम समय मिला, लेकिन इतने कम समय में ही मुझे चैनपुर प्रखंड की वस्तु स्थितियों से पूरी तरह अवगत कराया। चैनपुर प्रखंड में उनकी लोकप्रियता से पता चलता है कि उनके तबादले पर चैनपुर के लोगों में मायुसी देखने को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आना जाना लागा रहता है। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। वहीं चैनपुर जिला परिषद मेरी लकड़ा ने कहा कि चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह का जन प्रतिनिधियों के प्रति जो व्यवहार और जो सहयोग मिला है हम सभी उनका आभार व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि वह जहां जा रहे हैं वहां भी इसी तरह अपना नाम कमायें। इसी तरह स्थानीय मुखिया शोभा देवी, स्थानीय ग्रामीण यमुना प्रसाद केसरी, रघुनंदन प्रसाद, पत्रकार संघ के प्रतिनिधि सचिन कुमार, मनोहर बड़ाईक ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनको धन्यवाद दिया। तत्पश्चात थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह को बारी-बारी से फूलमाला एवं बुके देकर सम्मानित व बजरंग दल की ओर से गीता वह भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। अंत में थाना प्रभारी सिंह द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चैनपुर के लोग काफी अच्छे हैं। थाने में जब भी ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त करने की बात हुई तब यहां के ग्रामीणों ने काफी बढ़ चढ़कर सहयोग किया। विदाई सह सामान समारोह में मुख्य रूप से चैनपुर एएसआई मदन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष अशोक सिंह, अखाड़ा प्रमुख शैलेश कुमार, संतोष रौतिया, निखिल सिंह, चंदन कुमार, शिवम कुमार, राजन पांडेय, कातिग मुखिया मधुर मिंज, दिपक खलखो, अमृता लकड़ा, प्रशांत खलखो, बीजेपी मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक के साथ चैनपुर के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# ब्राह्मण समाज के लोगों ने हरसू ब्रह्मदेव के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में रविवार को ब्राह्मण समाज ने हरशु ब्रह्मदेव की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय एवं संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने की। जयंती सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हम सभी 108वीं पीढ़ी में आते हैं, जो हरसू ब्रह्मदेव के वंशज हैं। हम सभी के दादा-पुरखा भी इन्हीं से जुड़े हैं। मौके पर उपस्थित समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। वहीं शिक्षा के साथ संस्कृत विषय की शिक्षा पर विशेष बल दिया। मौके पर जवाहर पांडेय, महावीर पांडेय, सत्यदेव पांडेय, टीकम पांडेय, लखन पांडेय, बैजनाथ पांडेय, कृष्णा पांडेय, आनंद किशोर पांडेय, प्रदीप पांडेय, सूरज पांडेय, अनिल पांडेय, मुन्नी पांडेय, मोहन पांडेय उपस्थित थे।

